भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2296

सोमवार, 9 दिसम्बर, 2024/18 अग्रहायण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

नांदेड़ एवं शिरडी में पर्यटन विकास हेतु धनराशि

2296. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरेः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र के नांदेड़ शहर में स्थित धार्मिक स्थल पर पर्यटन के विकास के लिए आज तक कोई निधि आवंटित की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल शिरडी में भी पर्यटन के विकास के लिए धनराशि आवंटित करने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान' (प्रशाद) के तहत राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को महत्वपूर्ण तीर्थ एवं विरासत स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

प्रशाद योजना के तहत पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिए परियोजनाओं को राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से और योजना दिशा-निर्देशों के साथ सामंजस्य, निधियों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन शुरू किया जाता है।

हालांकि, प्रशाद योजना के तहत महाराष्ट्र के नांदेड़ शहर या शिरडी में कोई स्वीकृत परियोजना नहीं है, तथापि महाराष्ट्र में प्रशाद योजना के तहत 42.18 करोड़ रु. की लागत वाली "त्र्यंबकेश्वर का विकास" नामक एक परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है।

*****